दैनिक
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845
मेरठ दर्पण
वर्षः 06 अंक 46 मेरठ, रविवार 29 अगस्त, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का.....

मेरठ में बेखौफ अपराधी शास्त्रीनगर में दिन दहाड़े पार्षद की गोलियां बरसाकर हत्या

मृतक पार्षद जुबैर AIMIM ओवैसी की पार्टी से शहर विधानसभा चुनाव की भी तैयारी कर रहा था साथ ही वह प्रोपर्टी डीलिंग का भी कार्य करता था। पार्षद जुबैर देहरादून में एक कॉलोनी काट रहा था। इससे पहले उसने बिजली बंबा बाईपास पर एक कॉलोनी काटी थी। मामले में पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही हैं

मेरठ दर्पण–मेरठ। मेरठ में भले ही पुलिस अपराध पर नियंत्रण के दावे करती हो, लेकिन हकीकत में यहां छेड़छाड़ से लेकर हत्याओं तक की घटनाओं पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है। जिले में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर का है। यहां शनिवार दिन दहाड़े बदमाशों ने वार्ड 80 से पार्षद जुबैर को सरेराह गोलियों से भून डाला। वारदात को अंजाम देकर हत्यारे फरार हो गए। वारदात के बाद मौके पर जांच पड़ताल करते पुलिस अधिकारी गण फोटो आंखों देखी लाइव जानकारी के अनुसार नौचंदी थाना क्षेत्र के ढबाई नगर निवासी जुबैर पार्षद हैं तथा प्रोपर्टी डीलिंग का भी कार्य करते हैं। पार्षद जुबैर AIMIM ओवैसी की पार्टी से शहर विधानसभा चुनाव की भी तैयारी कर रहा था।जुबैर का एक मकान संतोष नर्सिंग होम के पास है। शनिवार सुबह इस मकान में ताला लगा कर अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठ रहे थे, तभी तीन बदमाशों ने उनके ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोलियां लगने से पार्षद जुबेर की मौके पर ही मौत हो गई। दिनदहाड़े पार्षद की गोलियों से भूनकर हत्या होने की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। जानकारी लगते ही एसपी सिटी और सीओ सिविल लाइन समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बदमाशों को काफी तलाश किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं घटना की जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। एसपी सिटी विनीत भटनागर का कहना है कि प्राथमिक जांच में बदमाशों द्वारा हत्या होना बताया गया है। जिनकी तलाश में पुलिस जुट गई है। अभी परिवार के लोगों से भी इस संबंध में बात की जाएगी, ताकि पता चले कि पार्षद का किसी के साथ कोई विवाद तो नही चल रहा था।

बसपा नेता की गोलियों से भून कर हत्या

मेरठ दर्पण–मेरठ। इंचौली थाना क्षेत्र के चंदौड़ी गांव में बसपा नेता मनोज चौधरी 50 वर्षऋपुत्र स्व. रतन सिंह को गोलियों से भून डाला। मनोज पड़ोसी हरेंद्र के घर आए हुए थे। इसी दौरान हथियारों से लैस तीन बदमाश हरेंद्र के घर में घुस गए और मनोज पर ताबड़तोड़ छह गोलियां चला दीं। घटना की जानकारी लगते ही गांव में अफरा तफरी मच गई और हजारों की भीड़ हरेंद्र के घर पर पहुंच गई। बताया कि यह घटना मुजफ्फरनगर के फीनपुर गांव निवासी अतुल ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर की। अतुल के पिता अमित की 2008 में मुजफ्फरनगर में हत्या हो गई थी। पिता की हत्या के वक्त अतुल छोटा था। उसको अंदेशा था कि मनोज ने रैकी कराकर फीनपुर गांव के युवकों से हत्या कराई थी। हत्यारोपियों की तलाश जारी पार्षद जुबेर की हत्या प्रॉपर्टी डीलिंग के विवाद और मनोज चौधरी की हत्या रंजिश में हुई है। दोनों हत्या के मामले में मुकदमे दर्ज कर लिए गए। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में लग गई है। एसओजी की टीम भी लगा दी।

शशांक मलिक भाजपा युवा मोर्चा के बागपत जिलाध्यक्ष बने

विपुल जैन

बागपत। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी ने अमीनगर सराय के रहने वाले शशांक मलिक की पार्टी के प्रति निष्ठा व सक्रियता को देखते हुए उन्हें भाजपा युवा मोर्चा बागपत के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। साथ ही आशा व्यक्त की कि शशांक मलिक के युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी का संगठन और भी अधिक मजबूत होगा और पार्टी में नई जान आएगी। शशांक मलिक अमीनगर सराय के पूर्व चेयरमैन अनिल मलिक के बेटे हैं और पिछले काफी समय से राजनीति में सक्रिय हैं। शशांक मलिक ने अपने जिलाध्यक्ष बनने के बाद कहा कि पार्टी संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी व दायित्व सौपे हैं, उनका वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ पालन करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन- जन तक पहुंचाकर संगठन को और भी अधिक मजबूत बनाया जाएगा। उनके भाजपा युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनने पर उन्हें अनेक लोगों ने बधाई दी है।

बोर्ड परीक्षा में बिना अंक प्रमोट किए गए छात्रों का बोर्ड कार्यालय पर हंगामा, मांग पर अड़े छात्र, धरने पर बैठे

मेरठ दर्पण–मेरठ। बोर्ड परीक्षा में बिना अंक के प्रमोट किए गए छात्रों ने आज यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय के सामने जमकर हंगामा किया। बिना अंक के बोर्ड परीक्षा में प्रमोट किए छात्रों का आरोप है कि वह न ही कहीं प्रवेश प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं और न ही अपना रिजल्ट किसी को बता सकते हैं। छात्रों को बार-बार दोबारा आवेदन कर बोर्ड परीक्षा में शामिल करने को कहा गया है लेकिन छात्रों का कहना है कि वह जब एक या दो विषयों में ही फेल है तो पूरी परीक्षा क्यों दिलाई जा रही है। हंगामा कर रहे छात्र बोर्ड कार्यालय के सामने धरना देकर बैठ गए। वहीं क्षेत्रीय बोर्ड सचिव राणा सहस्त्रांशु कुमार सुमन ने बताया कि वह छात्रों को स्थिति से अवगत कर चुके हैं। लेकिन छात्र अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। छात्रों का कहना है कि उनके प्री बोर्ड के अंक स्कूलों ने नहीं भेजें। उसके पहले कक्षा दसवीं व 12वीं में उन्होंने परीक्षाएं दी थी। उसके आधार पर उन्हें पास क्यों नहीं किया गया। मेरठ परिक्षेत्र कार्यालय के अंतर्गत आने वाले 4 मंडलों व 17 जिलों में 50,000 से अधिक छात्र ऐसे हैं जो बिना अंक के बोर्ड परीक्षा में प्रमोट किए गए हैं। इन छात्रों में अधिकतर छात्र ऐसे हैं जो इन्हें एक या दो विषयों में फेल हैं। बोर्ड ने उन्हें उसी अंक के आधार पर प्रमोट किया है। इसलिए फेल वाले अंक उनके मार्कशीट में नहीं चढ़ाए गए हैं।

ग्राम दुल्हेड़ा चौहान में शमशान स्थल के सौंदर्यकरण हेतू विधायक संगीत सिंह सोम ने आधारशिला रखी

मेरठ दर्पण–मेरठ। ग्राम दुल्हेड़ा चौहान में 22 लाख 17 हजार रुपये की लागत से ग्राम के शमशान स्थल के सौंदर्यकरण हेतू विधायक संगीत सिंह सोम ने आधारशिला रखी।

इसमें एक शांति स्थल, वुड स्टोर, सात शौचालय, दो शव प्लेटफार्म, इंटरलश्किंग, का कार्य किया जाएगा।तदुपरान्त ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमे ग्राम में अवैध शराब बिक्री पर रोक की ग्रामीणों ने मांग की।इस अवसर पर ग्राम प्रधान बालकिशोर, प्रेमपाल सिंह, संजय चौहान, ललित चौहान, गौरव चौहान, राजेन्द्र प्रताप, गुलशन चौहान आदि मौजूद रहे

कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेड़ियम में आज होगा खिलाड़ियो का सम्मान एवं श्रमिक परिवारो को हित लाभ वितरण

मेरठ दर्पण–मेरठ। सहायक श्रमायुक्त घनश्याम सिंह ने बताया कि दिनांक 29 अगस्त 2021 को प्रातः 09.00 बजे से मेजर ध्यानचन्द जी के 117वीं जयंती के अवसर पर श्रम कल्याण परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस पर चेतन चौहान श्रमिक क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तत्वाधान में खिलाड़ियो का सम्मान समारोह एवं श्रमिक परिवारो को हित लाभ वितरण कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेड़ियम मेरठ में किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, श्रम कल्याण परिषद उ0प्र0 पं0 सुनील भराला जी होंगे।

आईजी ने जसप्रीत कपूर को दिया प्रशंसा पत्र

मेरठ दर्पण–मेरठ। समाजसेवी सरबजीत सिंह कपूर के पुत्र जसप्रीत कपूर को आईजी प्रवीण कुमार ने मेरठ परिक्षेत्र कार्यालय में स्थापित एस.एम.सी.आर.सी. लैब के आईटी क्षेत्र में महत्वपूर्ण तकनीकि सहयोग करने पर प्रशंसा पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विनय विरालिया ने किया भाजपा नेताओं का धन्यवाद

मेरठ दर्पण–मेरठ। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष विनय विरालिया ने सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, विधायक डॉ सोमेंद्र तोमर,भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल,पूर्व विधायक अमित अग्रवाल से मिल कर आभार व्यक्त किया। सभी नेताओं ने विनय विरालिया को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी।

रविकांत गर्ग का संयुक्त व्यापार संघ पदाधिकारियों ने किया स्वागत

मेरठ दर्पण–मेरठ। मेरठ सर्किट हाउस में शनिवार को पहुंचे व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध यक्ष रविकांत गर्ग का संयुक्त व्यापार संघ पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए व्यापारियों की समस्याओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर सयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता, कमल ठाकुर, सुधीर रस्तोगी, सुधांशु महाराज, अंकुर गोयल, राजीव गुप्ता काले, आलोक रस्तौगी, अंकित गुप्ता, प्रदीप शर्मा, रजनीश कौशल ,आलोक रस्तौगी, आदि उपस्थित रहे।

श्री चंद शर्मा का ललित चौहान के कार्यालय पर भव्य स्वागत

मेरठ दर्पण–मेरठ। स्नातक एमएलसी श्री चंद शर्मा का पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित चौहान के कार्यालय पर किया भव्य स्वागत। इस दौरान साथ रहे पूर्व भाजयुमो जिला मंत्री मनिंदर विहान भराला, डॉ विजय शर्मा, गौरव चौहान, शिक्षक विनीत देशवाल, सरला चौधरी, मनोज शर्मा, राकेश सोम, निरंजन पुंडीर ,डॉक्टर सुनील कुमार मावी, आनंद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की बीएड व बीएड विशिष्ट शिक्षा परीक्षा संपन्न

मेरठ दर्पण–मेरठ। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की बीएड व बीएड विशिष्ट शिक्षा की प्रवेश परीक्षा विधिवत संपन्न हुई। क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ की समन्वयक डा पूनम गर्ग ने बताया कि मेरठ में स्थित आई एन पी जी कालिज, मेरठ को प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया गया था जिसमे अभ्यर्थियों ने कोविड 19 के बचाव के नियमों का पालन करते हुए परीक्षा में सम्मिलित हुए उन्होंने बताया की प्रवेश परीक्षा में विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने भी देखरेख में हिस्सा लिया और परीक्षा संपन्न कराई।

लायंस क्लब ने गौशाला में गुड व चारा उपलब्ध कराया

विपुल जैन

बागपत। लायंस क्लब दिल्ली पश्चिम विहार गोल्ड के कार्यकर्ताओ ने गौशाला में गायों के लिए चारे व गुड़ की व्यवस्था कराई। लायंस क्लब दिल्ली पश्चिम विहार गोल्ड के वरिष्ठ सदस्य एवं प्रमुख समाजसेवी अनिल गुप्ता ने बताया कि क्लब के मासिक गोग्रास सेवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत क्लब के सदस्य नजफगढ़ पिजरापोल सोसाइटी गौशाला नंबर तीन में इकट्ठा हुए। उन्होंने यहां पर गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। इस मौके पर उप जनपद अध्यक्ष भारत भूषण मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए, जबकि अनिल गौतम जेड सी व मनीष साहनी

सीएसडी कम्यूनिकेशन ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अनिल गुप्ता गौशाला में निरंतर गायों की सेवा करते रहते हैं और समाज के सभी कार्यो में अग्रणी रहते हैं। इस मौके पर प्रोजेक्ट के चेयरपर्सन आनंद शर्मा, प्रवीण कुमार, अमित राठी, क्लब के प्रधान रोहित गुप्ता, सचिव प्रवीण कूलवाल, कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता आदि थे।

साइबर सिक्योरिटी सेल विश्वविद्यालय मेरठ के तत्वाधान में शिविर का आयोजन

मेरठ दर्पण–मेरठ। साइबर सिक्योरिटी सेल विश्वविद्यालय मेरठ के तत्वाधान में लालपुर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में साइबर क्राइम से बचाव एवं टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग से किस प्रकार बचा जा सकता है द्य इस जागरूकता अभियान को शोभित विश्वविद्यालय के विधि विभाग एवं कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गयाद्यकार्यक्रम में बोलते हुए कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर विजय महेश्वरी द्वारा बताया गया कि हमें साइबर अपराध से बचने के लिए क्या क्या सावधानी बरतनी चाहिएद्य महक बत्रा ने बताया कि सावध ाानी ही बचाव है पवन कुमार द्वारा साइबर क्राइम को बारीकी से बताया गया नेहा भारती द्वारा बताया गया कि फेसबुक पर अपनी पर्सनल जानकारी साझा ना करें अंजली उपाध्याय ने बताया की फेसबुक

पर कभी भी महिलाएं अपनी फोटो ना डालें इन के दुरुपयोग की संभावनाएं हैं आमिर द्वारा बताया कि यदि आपके साथ कोई साइबर अपराध हो जाता है तो कहां और क्या कार्रवाई करनी है मीर सातिल द्वारा बताया गया कि पिछले 10 वर्षों में किस प्रकार साइबर क्राइम लगातार बढ़ा है और उसके उपचार को भी बताया कार्यक्रम का संचालन कुलदीप कुमार द्वारा किया गया ग्राम वासियों ने इस अनूठी पहल की सराहना की। ग्राम जलालपुर के सेंसर पाल ,महावीर सिंह ने विधि बच्चों द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक की सराहना की यह कार्यक्रम आजाद सिंह की चौपाल पर संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान वर्तमान ग्राम प्रधान एवं पूर्व ग्राम प्रधान वह अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

रिटायर कर्मियों को भविष्य निधि का पैसा दिलाने वाले ठग गिरोह के तीन शातिर गिरफ्तार

मेरठ दर्पण–गाजियाबाद। थाना इंदिरापुरम पुलिस और साइबर सेल ने संयुक्त रूप से शनिवार को एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भविष्य निधि के धन को दिलवाने के नाम पर ठगी करता था। इस गिरोह का नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ था। एसपी सिटी द्धद्वितीयऋ ज्ञानेंद्र सिंह ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि थाना इंदिरापुरम पुलिस और साइबर सेल की टीम ने इस मामले में पुलिस ने राहुल निवासी आजाद विहार खोड़ा गाजियाबाद, घनश्याम सलारपुर सेक्टर 49 नोएडा तथा धर्मेंद्र हरौला थाना सेक्टर 20 नोएडा है। घनश्याम पहले भी हैदराबाद से 2015 में ठगी के मामले में जेल भेजा जा चुका है। वह गिरोह का सरगना है। एसपी सिटी द्वितीय ने बताया कि यह गिरोह सेवानिवृत्त कर्मचारियों के भविष्य निधि का पैसा दिलवाने के नाम पर उन्हें महिलाओं से फोन कराता था। फोन करने वाली महिला अपने को भविष्य निधि विभाग का अधिकारी बताती थीं। भविष्य निधि का पैसा दिलवाने के नाम पर उनका विश्वास प्राप्त करते थे। विश्वास जीत लेने के बाद इनका ठगी का खेल शुरू होता था। एसपी सिटी ने कहा कि इन अपराधियों के पास रकम जो बैंक में जमा है उसका पता करके जिन लोगों से ठगी हुई है उन्हें दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस गिरोह की और जानकारी की जारही है। घनश्याम डाटा सिम खाते उपलब्ध कराकर धर्मेंद्र को देता था तथा खातों की एटीएम अपने पास रखता था। ठगी का पैसा निकालने के बाद धर्मेंद्र व लोगों को कश्वल करने वाली टीम की सैलरी देता था। इसके बाद शेष पैसे को आपस में बराबर–बराबर बांट लेते थे।

मुजफ्फरनगर पुलिस ने लिफ्ट देकर लोगो से लूट करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार

मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर पुलिस आजकल ऐसे शातिर लुटेरों के गिरोह का पर्दाफाश कर रही है जो लिफ्ट देने के बहाने लूटपाट करते हैं ताजा मामला जनपद मुजफ्फरनगर थाना नई मंडी क्षेत्र का है मुजफ्फरनगर पुलिस ने शातिर लुटेरे गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से तीन देसी तमंचे, दो सैमसंग के मोबाइल, एक मारुति वैगन आर कार और लुटे हुए ष्6800 भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह के सदस्य अपनी कार में लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों को बिठाते हैं और फिर मौका देख कर पैसे और मोबाइल लूट लेते हैं। 26 अगस्त की देर रात नई मंडी क्षेत्र के जानसठ रोड पर इस गिरोह के सदस्यों ने जानसठ जा रहे एक व्यापारी को लिफ्ट देकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाशों ने व्यापारी से ष्8000 रुपए की नगदी दो सैमसंग के मोबाइल लूट लिए थे आज इस घटना का अनावरण किया गया है लुटेरे गिरोह के 4 सदस्यों को नई मंडी पुलिस में सर्विलांस के माध्यम से गिरफ्तार किया है।

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल का एक वर्ष पूरा होने पर क्षेत्रीय कार्यालय पर जाकर जिला मंत्री वैभव त्यागी ने बधाई दी साथ में राहुल चौधरी, प्रवीण शर्मा, शिव कुमार कश्यप, अमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।।

कमिश्नर ने जिलाधिकारी व एसएसपी के साथ सुनी समस्याएं

मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। थाना छपार में मंडलायुक्त लोकेश एम जी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोंजन किया गया। इस मौके पर डीएम चंद्रभूषण सिंह तथा एसएसपी अभिषेक यादव ने भी जन समस्याएं सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार थाना छपार में मंडल आयुक्त लोकेश एम. जी, जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव द्वारा थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग किया गया। जिसमें थाने पर आए फरियादियों की शिकायतों को सुना एवं उनके तत्काल निस्तारण हेतु प्रयास किया गया एवं अन्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भूमि विवादों के निस्तारण हेतु आदेशित किया गया। मंडल आयुक्त लोकेश एम जी द्वारा थाना छपार में स्थित महिला हेल्प डेस्क एवं आंगुन्तक कक्ष का निरीक्षण भी किया गया। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को अपने कार्यालय में नियमित रूप से जनसुनवाई करने हेतु निर्देशित किया गया तथा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश दिए। उक्त आयोजन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय, उप जिलाधिकारी सदर दीपक कुमार एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। महिला थाना में आयोजित समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को सुनते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाना चाहिए। थाना समाधान दिवस मैंनगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह द्वारा महिला थाना में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा उनके प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी को निर्देशित किया गया

भाजपा नेत्री से दुष्कर्म मामले में महिला डॉक्टर गिरफ्तार, थाने में हंगामा

मेरठ दर्पण–मेरठ। भाजपा नेत्री से दुष्कर्म मामले में साजिशकर्ता महिला डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भाजपा नेत्री ने दुष्कर्म के आरोपी अरुणी मित्तल,माँ उसके पिता अजय मित्तल के अलावा उसकी विवाहिता बहन डॉक्टर रश्मि को भी आरोपी बनाया है। आरोपी के परिवार के खिलाफ मुरादाबाद के मझोला थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमें की विवेचना सिविल लाइन पुलिस को दे दी गई हैं।

पुलिस ने आज महिला डॉक्ष्टर को गिरफ्तार कर लिया। थाना नौचंदी क्षेत्र में रहने वाली भाजपा नेत्री ने व्यापारी के बेटे अरुणी मित्तल पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। आरोप था कि शादी का झांसा देकर और अरुणी मित्तल ने भाजपा नेत्री के साथ दुष्कर्म किया। साथ ही अरुणी मित्तल की बहन डॉ0 रश्मि मित्तल समेत परिवार के अन्य सदस्य को भी नामजद किया गया था। भाजपा नेत्री ने मुरादाबाद के मझोला थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। घटनाक्रम मेरठ का होने की वजह से मुकदमा सिविल लाइन थाना में स्थानांतरण हो गया था। आज शनिवार को न्यू मोहनपुरी स्थित आवास से अरुणी मित्तल की बहन डॉ0 रश्मि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रश्मि पर दुष्कर्म मामले को लेकर साजिश का आरोप लगा है। इसी आरोप के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला डॉक्ष्टर के अलावा व्यापारी के अन्य्य सदस्य्य भी इस आरोप के तहत नामजद है। पुलिस के अनुसार अभी कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं दी गई है। महिला डॉक्ष्टर रश्ध्मध्कि की गिरफ्तारी होने पर व्य्यापारी पक्ष के अधिवक्ष्ता समेत कई अन्य्य थाने पहुंच गए और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। रश्मि की गिरफ्तारी को लेकर अधिवक्ता राम कुमार शर्मा ने पीड़ित परिवार के साथ थाने पर हंगामा किया। उनका आरोप है कि भाजपा के दबाव में आकर पुलिस एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है।

रैम्प पर उतरे ग्लैमर की दुनिया के सितारे

मेरठ दर्पण–मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के नंदलाल बोस सुभारती ऑफ फाइन आर्टस एण्ड फैशन डिजाइन के तत्वाधान में डिजाइन कैसल 2021 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर डा. वी.पी.सिंह एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. शल्या राज, फाइन आर्टस् कॉलेज के प्राचार्य डा. पिंटू मिश्रा ने मुख्य अतिथि श्री अमित गर्ग, व जूरी मेंबर्स विख्यात मॉडल मिस निशा मौर्या, व मिस अंजली के साथ किया। कुलपति डा. वी.पी. सिंह ने सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि फैशन इंडस्ट्री विभिन्न संस् तियों को एक रंग में रंग कर एकता का संदेश दे देती है। उन्होंने कहा कि फाईन आर्ट एवं फैशन डिजाइन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं है इसके लिये छात्र छात्राओं को कठिन परिश्रम करके मंजिल तक पहुंचना होता है जो गुरूओं के बताएं गए रास्ते पर चलकर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी मॉडलस को अपनी शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. शल्या राज ने कहा कि सौन्दर्य भारतीय संस् ति की पहचान है और आज के समय में फैशन इंडस्ट्री सितारे की तरह जगमगा रही है तथा सुभारती विश्वविद्यालय का फाईन आर्ट कॉलिज छात्र छात्राओं को चमकती हुई दुनिया का सितारा बनाने की कला सिखा रहा है। उन्होंने शो में उपस्थित एक्टर, मॉडल एवं सभी छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। सुभारती फाइन आर्टस् कॉलेज के फैशन विभाग में डिग्री व डिप्लोमा कर रहे छात्र–छात्राओं द्वारा डिजाइन किए गए परिधानों को रैंप पर उतारा गया। इस बार विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को अपना मॉडलिंग का हुनर दिखाने का भी मौका दिया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा मॉडल के साथ रैंप पर फैशन का जलवा बिखेरते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। फैशन की यह शाम वाकई इन सितारों की जगमगाहट से सराबोर हो गई। हर्ष उल्लास तथा तालियों की गूंज ने इस फैशन शो की सफलता को बयां किया। डा. वी.पी. सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा.शल्या राज समेत सभी अतिथियों ने फाईन आर्ट कॉलिज की वार्षिक मैग्जीन का विमोचन किया।

प्राचार्य डा. पिंटू मिश्रा ने बताया कि इस फैशन शो में 15 राउंड रखे गए। जैसे आईस सैंडलीयर रिफ्लेक्टिव हयूड, इंटरसिया, ब्रिटिश इंडिया 1947 इत्यादि। जिसमें विभिन्न थीम पर 100 से अधिक मॉडल्स ने कैटवॉक कर विभिन्न परिधानों को पेश किया। इनमें प्रमुख है–अर्चना, छवी, याशिका, छवि, प्राची, गौरव, वैभव, सोनल, समृद्धि, इत्यादि। मुख्य डिजाइनर्स रहे विजय मलिक, टिविंकल, सौरभ, अभिषेक, आँशुली, शईद शिवनी, पूनम, सौम्या, इत्यादि। जूरी मेंबर द्वारा मॉडल ऑफ द ईयर फीमेल प्राची मलिक, मॉडल ऑफ द ईयर मेल निशांत, बेस्ट पर्सनैलिटि फीमेल समृद्धि सिंह, बेस्ट पर्सनैलिटि मेल आशुतोष, मिस टिविंकल टोस प्रियांगी, बेस्ट वॉक मेल प्रियांशु, मोस्ट कॉन्फिडेंट पर्सन राधिका, मिस्टर हंक राहुल, मिस्टर हैंडसम गौरव, मिस गॉर्जियस, रिशिता, मिस ब्यूटिफुल छवी, मिस चार्मिंग वाणी आदि कैटेगरी में छात्रों को पुरस् त किया गया। इस शो का नेतृत्व प्रसिद्ध कोरियोग्राफर कपिल गोहरी ने किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. वी. पी. सिंह व प्राचार्य डा. पिंटू मिश्रा ने फैशन डिजाइनिंग विभाग के सभी फैकल्टी मेम्बर्स व सभी छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डा. विजय वधावन, असिस्टेंट डायरेक्टर पीपीडी ई.आकाश भटनागर, डा. अभय शंकर गौड़ा डा. नीरज कर्ण सिंह, डा. भावना ग्रोवर, डा. पूजा गुप्ता, डा. राणा सब्यसाँची, नेहा सिंह, विधि खण्डेलवाल आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोम्बित मुखर्जी, राजेश कुमार अनीशा आनन्द, शैल्जा शिन्धे, साक्षी निम, एवं सुशीला हाण्डा का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय लोक दल ने अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में महंगाई को लेकर अनोखे अंदाज में मनाया किसान क्रांति दिवस

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में 2022 का चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजनीतिक पार्टियां पूरी तरह मैदान में उतर चुकी है चुनावी जमीन तलाशने के लिए सभी पार्टियों ने दमखम लगा रखे हैं, राष्ट्रीय लोक दल ने किसान क्रांति दिवस के रूप में मनाया ओर 9 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जनपद मुजफ्फरनगर की खतौली तहसील में किसान क्रांति दिवस के रूप में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज में धरना प्रदर्शन किया, प्रदर्शन के दौरान भैंसा बुग्गी में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता सवार होकर अनोखा प्रदर्शन करते हुए नजर आए , लोकदल कार्यकर्ताओं ने महंगाई को लेकर बाइक, खाली सिलेंडर, पानी के मटके हाथों में लेकर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौधरी ने बताया प्रधानमंत्री ने उज्जवल योजना तो चलाई लेकिन महंगी गैस होने के चलते गरीब आदमी सिलेंडर भरवाने में असमर्थ है, वही मोदी सरकार में सरसों का तेल महंगा हो गया, अब पकौड़े तल कर भी आम आदमी अपना पेट भी नही भर पा रहा है। महंगाई को कम करना समय की बहुत बड़ी मांग हो गई है।

मंसूरपुर रेलवे ट्रैक पर मिला 2 दिन से लापता युवक का शव, मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक पर एक शव युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि मृतक युवक 2 दिन से घर से लापता था। जिसकी तलाश की जा रही थी जिसके बाद शनिवार को रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिला। मृतक युवक की पहचान 31 वर्षीय मोनू निवासी लछेड़ा के रुप में हुई है। मामले की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस मामले में मृतक युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। जिसका शव गांव के ही दो युवकों पर लगा है। मृतक के पिता रतन सिंह ने बताया कि मृतक मोनू 2 दिन पूर्व अपने दोस्तों के साथ बाइक से कहीं घूमने गया था जिसके बाद से मोनू लापता चल रहा था। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की

जांच शुरू कर दी है। लापता युवक के परिजनों का गांव के ही 2 युवकों पर मोनू को ले जाकर हत्या करने का आरोप है, वहीं पुलिस ने परिवार की तहरीर के अनुसार हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

श्री सालासर बालाजी धाम मुजफ्फरनगर की श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व पर होगी अनोखी साज-सज्जा

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। श्री सालासर बालाजी धाम सेवा समिति रजिद्र मुजफ्फरनगर के कोषाध्यक्ष राजीव बंसल ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महापर्व पर पचेंडा रोड स्थित एकमात्र धाम जिसमें श्री बालाजी महाराज के 31 विग्रह स्वरूप अलग-अलग रूपों में एक ही धाम में प्रतिष्ठापित है जो अन्यत्र कहीं नहीं मनोकामना पूर्ण करने वाले श्री सालासर बालाजी धाम मुजफ्फरनगर को भव्य आकर्षक व मनोहारी रूप से सुसज्जित किया जाएगा। राजीव बंसल ने यह भी बताया कि श्री ष्ण जन्माष्टमी महापर्व पर मनोकामना पूर्ण श्री सालासर बालाजी धाम मुजफ्फरनगर में प्रतिष्ठित श्री बालाजी महाराज के सभी विग्रह स्वरूपों को नए चौले व आभूषणों से श्रृंगारित कर समस्त श्री सालासर धाम को आकर्षक लाइटों व फूलों और गुब्बारों से सजाया जा रहा है। जिसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं मंदिर समिति सेवादारों द्वारा श्री ष्ण कन्हैया लाल के पालने को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। साज-सज्जा की सभी तैयारियां में समिति परिवार के अध्यक्ष नीरज बंसल, मंत्री आशुतोष गर्ग, कोषाध्यक्ष राजीव बंसल ,हिमांशु गर्ग बृजमोहन वर्मा डश्व कमल गुप्ता, पवन गोयल ,विपुल गर्ग, दिनेश कुमार ,अजय मित्तल, नितिन तायलव युवा सेवादार तुषार शर्मा, कार्तिक गोयल, वरुण गर्ग, दीपांशु शर्मा, मयूर जैन, अक्षत बंसल ,संचित गर्ग,विपिन शर्मा, अभिषेक जी, राहुल शर्मा, शिवम शर्मा आदि सहित सभी सेवादार अपना योगदान दे रहे हैं।

जागरूक अभिभावक मंच समिति ने किया शिक्षा पर कोरोना का प्रभाव पर सेमिनार का सफल आयोजन

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर। जागरूक अभिभावक मंच समिति रजिस्टर्ड द्वारा मुजफ्फरनगर में सेमिनार शिक्षा पर कोरोना का प्रभाव एवं गुरुजनों व मेधावी छात्र छात्राओं का अभिनंदन अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, रविकांत गर्ग विधायक दिनेश गोयल, राहुल गोयल, अंकित बिंदल राजीव गर्ग, अनुभव सिंघल, सुथीर खटीक, बीना शर्मा, जोगिंदर गोयल मंच पर आसीन रहे। गुरुजनों में गिरवर सिंह, डश्व टी एन अग्रवाल, आनंद स्वरूप शब्बीर हसन, नेमचंद गुप्ता शशी गोयल, नीरज सिंघल सावित्री शर्मा, पूनम जैन कुलदीप मोहन, भूदेव सिंह राजेंद्र सिंघल, अरविंद, रवि दत्त धीमान, उमेश, रामस्वरूप कांता प्रसाद, मासूम अली त्यागी, श्यामलाल स्वामी जयपाल सैनी का सम्मान किया गया। कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में इस तरह

के कार्यक्रमों के आयोजन किया जाना चाहिए, जिसके लिए जागरूक अभिभावक मंच समिति रजिस्टर्ड का उनके द्वारा धन्यवाद एवं अभिनंदन किया गया। आयोजन में अध्यक्ष राहुल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश्वर त्यागी, स्वागत श्रवण गुप्ता, महिला कार्यकारी अध्यक्ष बीना शर्मा, उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार ;षिराज राही, वरिष्ठ सचिव आजम शम्सी, राजकुमार सिद्धार्थ, प्रमोद टांक, पवन बंसल, सुरेश कुमार गोयल राजेंद्र सिंघल, राकेश शर्मा ललित अग्रवाल, यशवीर सिंह रजत गोयल, मास्टर नजर खान, मुकेश धीमान, ठाकुर कुंवर पाल सिंह, नेमचंद, अभिनव अग्रवाल, अमित गुप्ता, मोहम्मद इरफान अब्बास, नवीन गुप्ता, सतीश कुमार आदि ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो द्वारा एमआईटी में आजादी के अमृत महोत्सव समारोह का आयोजन

मेरठ दर्पण-मेरठ। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव 'आइकॉनिक वीक' समारोह के तहत 23 से 29 अगस्त, 2021 तक 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए अनेक उत्कृष्ट कार्यकलापों की एक श्रृंखला शुरू की गई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भव्य समारोह की शुरुआत की है। जिसमें 'जन भागीदारी और जन आंदोलन' की समग्र भावना के तहत देश भर से लोगों की भागीदारी आकर्षित की जा रही है। इसका उद्देश्य व्यापक आउटरीच कार्यकलापों के माध्यम से 'नए भारत' की अद्भुत यात्रा को दर्शाना और स्वतंत्रता संग्राम के 'गुमनाम नायकों' सहित स्वतंत्रता सेनानियों के बहुमूल्य योगदान का जश्न मनाना है। इस क्रम में क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो,मेरठ स्वतंत्रता आंदोलन के बलिदानियों, स्वतंत्रता आंदोलन के महान आदर्शों स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित घटनाओं और स्थलों को स्मरण करने के लिए, उनसे प्रेरित होने के लिए ष्क्रांतिधराष् मेरठ में आजादी के अमृत महोत्सव से संबंधित प्रचार प्रसार कार्यक्रम किये जा रहे है । मेरठ इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, परतापुर में एकी त संचार एवं लोक संपर्क कार्यक्रम द्धमिनी आई. सी. ओ. पी.ऋ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ शशांक चौधरी ने कहा कि हम सबको देश की आजादी के आंदोलन के आदर्शों और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को सदैव स्मरण रखना चाहिए और अपने जीवन में उनसे दिशा प्राप्त करनी चाहिए। भारत अपनी स्वतंत्रता को सुरक्षित रख सका है और लोकतांत्रिक रीति से निरंतर प्रगति और विकास कर रहा है। राष्ट्रीय एकता मजबूत हुई है । यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत के पड़ोसी देश अफगानिस्तान की स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज की अफगानिस्तान की स्थिति हमें यह सीख देती है कि हम अपने देश की स्वतंत्रता के मूल्य को समझें और अपने देश की स्वतंत्रता को

अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सतत प्रयत्नरत रहें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर बंदना पांडे, जनसंचार विभाग, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष में बहुत से ऐसे देशभक्त हुए जिनके बारे में लोगों को जानकारी नहीं है, वे गुमनाम हीरो हैं। हमें ऐसे देश भक्तों को भी नहीं भूलना चाहिए। स्वतंत्रता संघर्ष में जिन लोगों ने अपने जीवन की कुर्बानी दे दी उनके प्रति हमारे मन में हमेशा तज्ञता भाव होना चाहिए। सत्संकल्प पराक्रम और राष्ट्रभक्ति से हमें देश के विकास राष्ट्रीय एकता और विश्व में देश का अपेक्षित स्थान प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जो स्वतंत्रता आज हमें प्राप्त है उसके संघर्ष में वीर सावरकर जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अकल्पनीय यातनाएं सहीं फिर भी अपने मार्ग से विचलित नहीं हुए। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मेरठ शिवानंद पांडे ने अपने कार्यक्रम परिचय वक्तव्य में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव से संबंधित जन जागरूकता और प्रचार प्रसार कार्यक्रम मेरठ जनपद के अधिक से अधिक लोगों तक स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास आदर्शों और स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। राष्ट्र का अर्थ राष्ट्र के लोगों से निर्मित होता है और देश के लोगों में देश के प्रति निष्ठा और सम्मान, समर्पण की भावना ही राष्ट्रभक्ति है, देश प्रेम है। आजादी अमृत महोत्सव इस राष्ट्रप्रेम की भावना को अभिव्यक्त करने का सु ढ़ करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। हम सबको स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत को अपने मन में संजो कर रखना चाहिए और देश की एकता,अखंडता और समृद्धि के प्रति त संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मेरठ इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में आजादी के अमृत महोत्सव विषय पर पोस्टर और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 प्रतिभागियों को पुरस्त किया गया। मुक्ताकाश नाट्य संस्था मेरठ के कलाकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित नाटक का सराहनीय प्रदर्शन किया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।